रौल नं०.........................................नाम ..............................................

XII-26 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2024 ई० A

# इतिहास (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3 घण्टा 15 मिनट कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

**निर्देशः–** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट–**निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

1. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है :– 1
(अ) राखल दास बनर्जी (ब) दयाराम साहनी
(स) अलेक्जेण्डर कनिंघम (द) व्हीलर।

2. मौर्य समाज का अन्तिम शासन कौन था :– 1
(अ) शालिसुक (ब) देववर्मन
(स) बृहद्रथ (द) शतधन्वन मौर्य।

3. कुरुवंश की राजधानी क्या थी :– 1
(अ) मगध (ब) हस्तिनापुर
(स) कोशाम्बी (द) इन्द्रप्रस्थ।

4. महावीर स्वामी का जन्म कहाँ हुआ था :– 1
(अ) वैशाली (ब) लुम्बिनी
(स) नालन्दा (द) श्रावस्ती।

5. "“किताब–उल–हिन्द" का लेखक कौन था :– 1
(अ) इब्नबतूता (ब) अलबरूनी
(स) बर्नियर (द) सैयदी अली।

6. शेख मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह कहाँ स्थित है :– 1
(अ) दिल्ली (ब) अजमेर
(स) लखनऊ (द) हैदराबाद।

7. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की थी :– 1
(अ) हरिहर एवं बुक्का ने (ब) कृष्णदेव राय ने
(स) राम राय ने (द) देवराय द्वितीय ने।

8. नादिरशाह ने भारत पर आक्रमण कब किया था :– 1
(अ) 1739 ई. में (ब) 1761 ई. में
(स) 1631 ई. में (द) 1526 ई. में।

9. कलकत्ता उच्च न्यायालय की स्थापना किस एक्ट द्वारा की गई थी :– 1
(अ) 1773 एक्ट (ब) 1813 एक्ट
(स) 1909 एक्ट (द) 1919 एक्ट।

(पृष्ठ पलटिए)

10. 1908 ई. में तिलक को कितने वर्ष की सजा दी गई :- 1

(अ) 6 वर्ष (ब) 8 वर्ष

(स) 5 वर्ष (द) 7 वर्ष।

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 4 अंक**

11. हड़प्पावासी किस धातु से अपरिचित थे?

12. प्रयाग प्रशस्ति की रचना किसने की?

13. भगवान महावीर ने कब शरीर त्यागा?

14. कृष्णदेवराय के बाद कौन सम्राट हुआ?

15. भारत में रेल, डाक व तार का जनक किसे कहा जाता है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 5 अंक**

16. हड़प्पा सभ्यता का अंत किस प्रकार हुआ होगा?

17. महाजनपदों की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

18. बौद्ध धर्म के पतन के क्या कारण थे?

19. 'खानकाह' से आप क्या समझते हैं?

20. विजयनगर साम्राज्य में दास प्रथा के विषय में आप क्या जानते हैं?

21. बंगाल के स्थायी भूमि प्रबंध की मुख्य विशेषताएँ क्या थीं?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 10 अंक**

22. हड़प्पावासियों के आर्थिक जीवन के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

समुद्रगुप्त एक महान् विजेता और विलक्षण व्यक्तित्व का स्वामी था। इस कथन की विवेचना कीजिए।

23. सूफी मत के प्रमुख धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

मुगलकालीन भारत में ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालिए। जाति पंचायतों की भूमिका का भी उल्लेख कीजिए।

24. अंग्रेजों द्वारा अवध के अधिग्रहण से उस क्षेत्र के 'ताल्लुकदार' किस प्रकार प्रभावित हुए।

**अथवा**

महात्मा गाँधी द्वारा चलाए गए किन्हीं दो राष्ट्रीय आन्दोलनों के कारणों एवं परिणामों की विवेचना कीजिए।

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए :– 10

(क) 563 ई. पू. (ख) 527 ई. पू.

(ग) 305 ई. पू. (घ) 78 ई.

(ङ) 319 ई. (च) 380 ई.

(छ) 712 ई. (ज) 1540 ई.

(झ) 1565 ई. (ञ) 1885 ई.